ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 24-04-2026

बोकारो(झारखण्ड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-04-24 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-04-25	2026-04-26	2026-04-27	2026-04-28	2026-04-29
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.2	1.6
अधिकतम तापमान(से.)	42.5	44.2	44.9	45.1	44.4
न्यूनतम तापमान(से.)	26.6	27.7	28.2	27.8	28.6
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	44	48	48	57	56
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	9	7	8	10	14
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	3.4	8.7	11.5	6.3	4.4
पवन दिशा (डिग्री)	252	197	200	246	125
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	2	2	5
चेतावनी	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; ओलावृष्टि; तेज़ सतही हवाएँ	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ	आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ

पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में मौसम अत्यधिक गर्म और शुष्क बना रहेगा, अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है, और हवा सामान्य से अधिक चलने की संभावना है। आगे चलकर गरज-चमक, तेज हवाओं और और कहीं-कहीं ओलावृष्टि के साथ हल्की वर्षा की संभावना है, जिससे मौसम में अस्थायी बदलाव आ सकता है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

गरज-चमक के साथ तूफ़ान और बिजली गिरना, तेज़ हवाएँ आदि; ओलावृष्टि; ज़मीन पर तेज़ हवाएँ

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना, फलों का टूटना

सामान्य सलाहकार:

तापमान में असामान्य बढ़ोतरी के कारण विभिन्न सब्जियों, फसलों, फल वृक्षों में नियमित रूप से सिंचाई करते रहें। अपने पालतु जानवरों को धूप से बचाकर रखें तथा जानवर के घर को ठंढा रखने के लिए खिडकियों को दिन में जूट के बेरे से ढक दें तथा बोरों को पानी से भीगोते रहें, जिससे ठंढी हवा का प्रवेश अन्दर हो सके। साथ ही साथ पशुओं को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। नर्सरी अवस्था वाली सब्ज़ियों को पुआल से ढक दें।

लघु संदेश सलाहकार:

गर्मी के लहर के दौरान फसलों में फूल आने के पूर्व तथा फूल आने के समय पोटैशियम नाइट्रेट 0.5% का पर्णीय छिड़काव कर पैदाववार में संभावित हानि को कम करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मक्का	वर्तमान मौसम की परिस्थितियों में मक्का की फसल में तना छेदक कीटों का प्रकोप देखा जा सकता है, इनके बचाव हेतु किसान भाई फिप्रोनिल 0.3 जी या कारटॉप हाइड्रोक्लोरीड 4 जी का भुरकाव ऊपरी चक्र पर करें।
चावल	दिन और रात के तापमान में अन्तर को देखते हुए किसान भाई धान की फसल में ब्लास्ट (झुलसा रोग) के प्रति निगरानी रखें, अगर प्रकोप दिखाई दे तो ट्रायसैक्लाज़ोल 0.5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	भिंडी की फसल में तुड़ाई के बाद युरिया @ 5-10 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से डाले तथा माईट कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट (3 से 4 प्रति पौधे) पाये जाने पर ईथियाँन @1.5-2 मि.ली./लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। इस मौसम में भिंडी की फसल में हल्की सिंचाई कम अंतराल पर करें।
केला	GA3 @ 1 मिली प्रति 20 ली पानी में तैयार घोल का छिड़काव 35 या 55 दिनों के पुराने केले के गुच्छों पर बारी - बारी से 10 दिन के अंतराल पर तीन बार करने से केले के फलों में वजन और मात्रा बढ़ती जाती है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	वर्तमान मौसम को देखते हुए पशुओं को हरे और सूखे चारे के साथ पर्याप्त मात्रा में अनाज दें। पशुओं को दिन में तीन से चार बार ताजा पानी पिलायें। मौसम की स्थिति को देखते हुए पशुओं को साफ़ सूखे एवं छायादार जगह पर रखें। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए गर्भवती गाय एवं भैस को 50-60 ग्राम मिनिरल मिक्सचर अवश्य खिलाएं तथा गर्मी के मौसम में प्रति पशु प्रति दिन 50-60 ग्राम नमक अवश्य खिलायें एवं पशु बाड़े के आस-पास मच्छर न पनपने दें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गगशाला में जरुरत से अधिक मुर्गियों को एक साथ ना रखें तथा ईनके अहार और पानी में खनिज (Zn, Cu, Mn आदि), इलेक्ट्रोलाइट्स, पॉटेश्यम एवं एंटी ऑक्सीडेंट विटामिन (सी,इ,ए) अवश्य शामिल करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
पौध - संरक्षण	कद्दू वर्गीय सब्ज़ियों में लाल भृंग कीट के प्रकोप देखे जा रहे हैं, इसके बचाव हेतु राख का छिड़काव करें या नीम अदहारित कीटनाशी का उपयोग करें, प्रकोप जयादा होने पर

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
	लैम्ब्डासाईहालोथ्रिन को 1 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी के साथ पौधों के जड़ों के आसपास अच्छी तरह भिगों दें।
सामान्य सलाह	पौधों को अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए सब्जियों की नर्सरी को शेडनेट से ढकें तथा हल्दी और अदरक जैसी फसलों में नमी बनाए रखने के लिए पुआल का उपयोग करें।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

फसलों का गिरना, फलों का टूटना

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

फसलों, विशेष रूप से सब्जियों को सहारा प्रदान करें,.

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details